# प्रादेशिक समाचार एकांश

# आकाशवाणी भो□ाल

**दिनांक 15.09.2024** **समय: 2.10PM**

**पीएम–वंदेभारत रेलगाड़ी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले इन रेल गाडियों को जमशेदपुर से रवाना करने का कार्यक्रम निर्धारित था। उन्होंने झारखंड में 660 करोड़ रूपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इससे पहले श्री मोदी आज सुबह जमशेदपुर जाने के लिए रांची हवाई अड्डे पहुंचे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना – ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। इसमें 32 करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेज दिए गए। इसके अलावा 32 हजार मकानों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी, वंचित, दलित, दिव्यांग और महिलाओं को इस सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। बाद प्रधानमंत्री सड़क रास्ते जमेशपुर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।

**स्वच्छता ही सेवा**

स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर नागरिकों का आव्हान करते हुए इन कार्यक्रमों में भागीदारी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत प्रदेश में आयोजित होने वाली विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां में हम सभी मिलकर भाग ले और इस अभियान को सफल बनाएं और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस बीच कल नीमच में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले की तीनों जनपद पंचायतों के कार्यालय में कार्यालय प्रांगण की साफ सफाई का कार्य जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर किया गया।

**पोषण माह**

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रमों का दौर जारी है। नर्मदापुरम जिले में भी थीम आधारित कार्यक्रम हो रहे है। दूसरे सप्ताह की थीम वृद्धि माप सत्यापन–निगरानी अभियान के तहत शहरी सेक्टर 3 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक ने बच्चों की वृद्धि माप लेकर सत्यापन किया। इस दौरान वृद्धि निगरानी के महत्व के बारे में पोषण की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव और कुपोषण के प्रकार पर विस्तृत जानकारी ग्रोथ चार्ट के माध्यम से दी गई। वहीं विभिन्न व्यंजनों की पोषण आहार प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी प्रकार कार्यक्रम राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत परियोजना शहरी के सेक्टर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जिसमें शारीरिक माप लेकर बच्चों के सेम–मेम चिन्ह अंकित किया गया। इस दौरान मौजूद हितग्राहियों को पोषण प्रदर्शन के माध्यम से उचित पोषण के बारे में बताया गया और साप्ताहिक थीम के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पर हैण्डवास की गतिविधियां आयोजित की गई।

**देवास दुर्घटना**

प्रदेश के देवास जिले के 6 दर्शनार्थियों की खाटू श्याम जी के दर्शन करने जाते समय राजस्थान के बूंदी जिले में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हादसे में घायलों के समुचित उपचार के लिए राजस्थान सरकार के संपर्क में है। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 2–2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं।

**ओणम–शुभकामनाएं**

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ओणम के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार केरल की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को मनाने का अवसर है। इससे सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलता है।

**दूरदर्शन वर्षगांठ**

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज से एक्टिव हो रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3 दिन तक प्रदेश के पूर्वी हिस्से– जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश होगी। वहीं, आज सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट और मैहर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

**समाचार संक्षेप**

- जबलपुर में बहनापानी गांव के पास स्थित घाट के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट जाने से एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए।
- नर्मदापुरम जिले के सिवनीमालवा के ग्यारह बीएलओ को डोर टू डोर सर्वे मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य समय सीमा में संपन्न न कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

-----------------

## (1) स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर नागरिकों का आव्हान करते हुए इन कार्यक्रमों में भागीदारी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत प्रदेश में आयोजित होने वाली विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां में हम सभी मिलकर भाग ले और इस अभियान को सफल बनाएं और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस बीच कल नीमच में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले की तीनों जनपद पंचायतों के कार्यालय में कार्यालय प्रांगण की साफ सफाई का कार्य जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर किया गया।

## (2) पोषण माह

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रमों का दौर जारी है। नर्मदापुरम जिले में भी थीम आधारित कार्यक्रम हो रहे है। दूसरे सप्ताह की थीम वृद्धि माप सत्यापन-निगरानी अभियान के तहत शहरी सेक्टर 3 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक ने बच्चों की वृद्धि माप लेकर सत्यापन किया। इस दौरान वृद्धि निगरानी के महत्व के बारे में पोषण की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव और कुपोषण के प्रकार पर विस्तृत जानकारी ग्रोथ चार्ट के माध्यम से दी गई। वहीं विभिन्न व्यंजनों की पोषण आहार प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी प्रकार कार्यक्रम राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत परियोजना शहरी के सेक्टर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जिसमें शारीरिक माप लेकर बच्चों के सेम-मेम चिन्ह अंकित किया गया। इस दौरान मौजूद हितग्राहियों को पोषण प्रदर्शन के माध्यम से उचित पोषण के बारे में बताया गया और साप्ताहिक थीम के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पर हैण्डवास की गतिविधियां आयोजित की गई।

(3) देवास दुर्घटना

प्रदेश के देवास जिले के 6 दर्शनार्थियों की खाटू श्याम जी के दर्शन करने जाते समय राजस्थान के बूंदी जिले में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हादसे में घायलों के समुचित उपचार के लिए राजस्थान सरकार के संपर्क में है। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं।

(4) मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज से एक्टिव हो रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3 दिन तक प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश होगी। वहीं, आज सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट और मैहर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।